प्रेस विज्ञप्ति / Press Release **7 अगस्त / August 2020**

उषा स्वावलंबन सिलाई स्कूल ने महिलाओं में उद्‌यमिता को बढ़ावा देने का दूसरा चरण शुरू किया

USHA Swavalamban Silai Schools begins second phase of promoting entrepreneurship among women

उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखण्ड में 700 और सिलाई स्कूल स्थापित करने की योजना; 700 गृह-उद्‌यमियों का जीवन संवारने का लक्ष्य

Plans to set up additional 700 Silai Schools in Uttar Pradesh, Himachal Pradesh and Uttarakhand; Aims to touch the lives of 700 homepreneurs

उषा स्वावलंबन सिलाई स्कूल कार्यक्रम, भारतीय लघु उद्‌योग विकास बैंक (सिडबी) और उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड की संयुक्त साझेदारी वाला कार्यक्रम है। आज इसका दूसरा चरण आरम्भ हुआ, जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड के कठिनाई-युक्त/आकांक्षी जिलों 700 सिलाई स्कूल स्थापित जाएँगे।

The USHA Swavalamban Silai School program, which is a joint partnership of Small Industries Development Bank of India (SIDBI) and USHA International Limited, began its second phase today under which 700 Silai Schools will be set up in Uttar Pradesh, Himachal Pradesh and Uttarakhand including in hardship/aspirational districts.

पहले की ही तरह, इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य भी गाँव स्तर पर सिलाई-आधारित उद्‌यम स्थापित करने में महिलाओं को सक्षम बनाना रहेगा। दूसरे चरण की योजना में ऋण, बाजार (ई-वाणिज्य सहित) और कौशल का समावेश करने का प्रयास भी किया जाएगा।

The main objective of the program will continue to enable setting up of sewing-based village level enterprise. In the second phase, design, credit, market (including e-commerce) and skill connect shall also be endeavored.

सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफ़ा, आईएएस ने इस अवसर पर कहा कि "हमें खुशी है कि उषा स्वावलंबन सिलाई स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत हम महिला सशक्तीकरण की दिशा में अगला कदम बढ़ा रहे हैं। इस दूसरे चरण में सिलाई के कौशल के साथ-साथ, हम उद्‌यमिता और जीवनोपयोगी कौशलों की जानकारी भी देंगे। यह कार्यक्रम हमारे मिशन स्वावलंबन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य उद्‌यमिता की संस्कृति का प्रसार करना है और जिसके केन्द्र में परिवार है। विकास की दौड़ से बाहर रहे गये लोगों के समावेशन तथा असेवित लोगों की सेवा के लिए हम साझेदारियों का लाभ लेते रहेंगे। हमारा दृढ़ विश्वास है कि उद्‌यमिता की सक्षमता बढ़ानेवाले उपायों के ज़रिए अपने गाँवों को सुदृढ़ करना राष्ट्र के आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए बहुत ज़रूरी है।"

Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman and Managing Director, SIDBI said, "We are delighted to take the next step forward towards women empowerment under our USHA Swavalamban Silai School program. In the second phase, besides tailoring skills, we shall impart exposure on entrepreneurship and life skills. This aligns with our Mission Swavalamban which intends to spread entrepreneurship culture, family being the focal point. We shall continue to leverage partnership for including the excluded as also serving the unserved. We firmly believe that strengthening villages through enterprise enabler steps is important for national mission of AatmaNirbhar Bharat."

उषा इन्टरनेशनल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री दिनेश छाबड़ा ने इस अवसर पर कहा कि "दूसरे चरण की अपनी यात्रा में उषा स्वावलम्बन सिलाई स्कूलों की स्थापना के क्रम में सिडबी के साथ अपनी साझेदारी जारी रखने में हमें गर्व का अनुभव हो रहा है। इस चरण में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश में भारत सरकार द्‌वारा चुने आकांक्षी जिलों/ आपदा प्रभावित इलाकों में 700 सिलाई स्कूल स्थापित किए जाएँगे। इन नये स्कूलों में हजारों की संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा और इनसे न केवल उन महिलाओं, बल्कि उनके परिवारों का भावी जीवन भी संवरेगा, क्योंकि इस कार्यक्रम के ज़रिए महिलाओं में अपनी अधिकार-चेतना युक्त उद्‌यमिता विकसित होगी, उनका आर्थिक सशक्तीकरण होगा, जिससे उन्हें अपनी आकांक्षाएं पूरी करने में मदद मिलेगी। इससे लोगों की कौशल-वृद्धि करके विश्व में और अधिक समानता विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिलेगा।"

Shri Dinesh Chhabra, Chief Executive Officer, Usha International Limited said, "We are proud to continue our partnership with SIDBI on Phase 2 of our journey to set up Usha Swavalamban Silai Schools. This phase will see the setting up 700 Silai Schools in the Government of India shortlist listed aspirational districts/calamity affected areas in states of Himachal Pradesh, Uttarakhand, and Uttar Pradesh. These new schools will train thousands of women and impact not just their lives but the lives of their families too, as it paves the way for a better tomorrow by developing them as entrepreneurs in their own right, giving them financial

empowerment that helps them meet their aspirations. It underscores our commitment to skill people in order to create a more equitable world."

उषा स्वावलंबन सिलाई स्कूल कार्यक्रम का पहला चरण सितंबर 2019 में शुरू हुआ था और फरवरी 2020 में समाप्त हुआ, जिसमें सिडबी ने सिलाई स्कूल की उन उद्यमी महिलाओं की मदद की जो हाशिए पर जी रही हैं। लॉक डाउन की अवधि यानी मार्च, अप्रैल और मई में ये सभी सिलाई स्कूल बड़े पैमाने पर मास्क उत्पादन में जुटे थे। उन्हें विभिन्न विक्रेताओं, एजेंसियों और सरकारी संस्थाओं से ऑर्डर मिले। दरअसल, इस दौरान कुछ सिलाई स्कूलों ने तो अपनी आय-अर्जन क्षमता भी बढ़ाई।

The first phase of the USHA Swavalamban Silai School program began on September 2019 and ended on February 2020 under which SIDBI has provided support to marginalized and enterprising Silai School women. During the lockdown period i.e. March, April and May, all the Silai Schools were engaged in bulk mask production. They got orders from different vendors, agencies and government institutions. In fact, some of the Silai schools enhanced their income generation capacity.

उषा स्वावलंबन सिलाई स्कूल कार्यक्रम का परिचय: सिलाई स्कूल कार्यक्रम सिडबी और उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड की एक ऐसी पहल है जो अखिल भारतीय स्तर के ग्रामीण समुदायों में चलाई जा रही है। इस सामाजिक पहल का लक्ष्य हाशिए पर जीनेवाले वर्गों और भारत के गाँवों में रहनेवाले समुदायों की महिलाओं का सशक्तीकरण करना है। सिलाई स्कूल कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य महिलाओं में उद्यमिता की संस्कृति विकसित करना और उन्हें वित्तीय दृष्टि से सशक्त बनाकर उनके लिए जीविकोपार्जन के विकल्प जुटाना है, जिसके लिए उनको सिलाई और टँकाई तथा उद्यमिता कौशल सिखाया जाएगा। इसका दूसरा उद्देश्य महिला को आर्थिक रूप से सक्षम बनाकर उसे खुद अपने परिवार में और समुदाय में सामाजिक पहचान दिलाना है।
उषा स्वावलंबन सिलाई स्कूलों के और अधिक विवरण जानने के लिए कृपया देखेः https://www/ushasilaischool.com

About USHA Swavalamban Silai School Program: The Silai School program is a pan India community based rural initiative of SIDBI and Usha International Limited. This social initiative is aimed at empowering women from marginalised sections of the communities residing in the villages of India. The primary objective of the Silai School program is to induce entrepreneurship culture as also create a livelihood option for women by financially empowering them through imparting sewing and stitching and entrepreneurship skills. The secondary objective is to create a social standing and recognition within her family and community through economic enablement.

For more details on USHA Swavalamban Silai Schools, please visit: https://www.ushasilaischool.com

सिडबी के बारे में : 1990 में अपने गठन के बाद से, सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। चाहे वे पारंपरिक, छोटे घरेलू उद्यमी हों, पिरामिड के सबसे निचले स्तर के उद्यमी हों, या फिर उच्च-स्तरीय ज्ञान आधारित उद्यमी हों, सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के जीवन को विभिन्न ऋणों तथा विकास कार्यों के माध्यम से प्रभावित किया है।
अधिक जानने के लिए, देखें : https://www.sidbi.in

About SIDBI: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. To know more, check out: https://www.sidbi.in

मीडिया संपर्क: नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई मेल: neelasrib@sidbi.in
Media contact: Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in